बुनियादी ढाँचे पर निवेश की घोषणा

drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-modi-promises-investment-of-

चर्चा में क्यों?

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लालकिले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि केंद्र सरकार देश में **आधुनिक बुनियादी ढाँचे (Modern Infrastructure)** के विकास के लिये 100 लाख करोड़ रुपए का बड़ा निवेश करेगी।

प्रधानमंत्री के अनुसार,

- केंद्र सरकार का यह कदम अगले पाँच वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को लगभग 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने में सहायता करेगा।
- भारत को 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' की रैंकिंग में शीर्ष 50 देशों की सूची में पहुँचाने के लिये हमें इसी प्रकार के बड़े निवेश और सुधारों (Reforms) की आवश्यकता है।
- साथ ही कंपनियों को भारत में व्यापार करने के लिये सुगम वातावरण प्रदान करने हेतु भी प्रयास किये जाएंगे।
- सरकार द्वारा इस राशि का प्रयोग आधुनिक बंदरगाह, राजमार्ग, रेलवे, हवाई अड्डे, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान आदि के निर्माण कार्यों में किया जाएगा।

अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

  - गौरतलब है कि वर्ष 2014 में विश्व बैंक द्वारा जारी 'डूइंग बिज़नेस' रिपोर्ट में भारत 190 देशों में 142वें स्थान पर था। वहीं वर्ष 2019 में जारी 'डूइंग बिज़नेस' रिपोर्ट में भारत का स्थान 77वाँ था।
  - वर्ष 2019 की रिपोर्ट में भारत के अतिरिक्त पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान की रैंकिंग क्रमशः 46वीं और 136वीं थी।
  - विश्व बैंक 10 मापदंडों के आधार पर 190 देशों को रैंक प्रदान करता है।
- **रैंकिंग के मापदंड:**
  - किसी व्यवसाय को शुरू करना
  - निर्माण परमिट
  - बिजली प्राप्त करना
  - संपत्ति पंजीकृत करना
  - ऋण प्राप्त करना
  - लघु निवेशकों की रक्षा करना
  - करों का भुगतान करना

- सीमा पार व्यापार
- अनुबंधों को लागू करना
- दिवालियापन की समस्या को हल करना

स्रोत: द हिंदू